प्रतिवेदन

सलाहकार समिति की बैठक

लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दिनांक 17/9/2021 को सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राध्यापक श्री राजेश गंधरा जी उपस्थित थे। गंधरा सर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताया किस तरह हम राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास किया जा सकता है। विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास समाज सेवा के माध्यम से ही हो सकता है, राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नियमित गतिविधियां जैसे स्वच्छता अभियान जागरूकता रैली ब्लड डोनेशन पौधारोपण कर सकते हैं, इनके अलावा हम 3 साल के लिए ग्राम को गोद ग्राम के रूप में ले सकते हैं, गांव में सर्वे के माध्यम से हम ग्राम वासियों की जानकारी ले सकते हैं। जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, साक्षरता करो ना से बचने के उपाय एवं सावधानियां वैक्सीनेशन अभियान को लेकर जागरूकता का संदेश हम ग्राम में दे सकते हैं। गोद ग्राम में हम मास्क वितरण का कार्य कर सकते हैं, इससे समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा, गंधरा जी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तरीय जिला स्तरीय राज्य स्तरीय रिपब्लिक डे परेड के कैंप लगाए जाते हैं इन सभी के लिए ए सर्टिफिकेट, बी सर्टिफ़िकेट, सी सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मेगा कैंप लगाए जाते हैं। इन सबका फायदा विद्यार्थियों को हायर एजुकेशन एवं नौकरी में मिलता है। नई शिक्षा नीति के अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना को एक वैकल्पिक विषय के रूप में रखा गया है, ताकि विद्यार्थियों को इसका भविष्य में फायदा मिल सके और अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो सके महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा अपना राष्ट्रीय सेवा योजना का अनुभव बताया गया। सलाहकार समिति की बैठक में डॉ अनीता अग्रवाल, डॉक्टर अंजली शाह, डॉक्टर नितिशा तोषनीवाल, श्री सुधीर कुमार सोलंकी विद्यार्थी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर स्मृति जैन एवं श्रीमती अनुराधा परमार उपस्थित थे।

वाली सामग्री के विवरण में सहायता क्षेत्र की आवश्यकता एवं प्राथमिकता के आधार पर गतिविधियों का आयोजन रेड क्रॉस रक्तदान जैसे कार्य समाज के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से किए जाते हैं। जिससे कि विद्यार्थी का सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हो सके एवं वहां भविष्य में एक अच्छा नागरिक बने सभी जानकारी प्राचार्य महोदय डॉक्टर गोविंद गंदे द्वारा दी गई इसमें 40 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।